# कार्यालय जिलाधिकारी, कुशीनगर

पत्रांक 1933 /10-1 दिनांक, पडरौना, फरवरी 26 /2026

सेवा में

अध्यक्ष महोदय,
राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
प्रधान पीठ, नई दिल्ली।

विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा निस्तारित ओ0 ए0 संख्या–70/2026 आशीष सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य प्रकरण का आदेश दिनांक 06.02.2026 के अनुपालन रिपोर्ट के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर पूर्वक अवगत कराना है की मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा निस्तारित ओ0ए0 संख्या 70/2026 आशीष सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य प्रकरण का आदेश दिनांक 06.02.2026 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के पत्र संख्या 1888/16एफ–1 दिनांक 17.02.2026 से गठित जांच समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये जांच आख्या से सहमति जताते हुए आख्या संलग्न कर महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

जिलाधिकारी,
कुशीनगर

संख्याः– / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभागीय वनाधिकारी, सा0वा0 प्रभाग, कुशीनगर।
2. सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड, गोरखपुर।
4. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कुशीनगर।
5. श्री आशीष सिंह, याचिकाकर्ता, ओ0ए0 सं0–70/2026

जिलाधिकारी,
कुशीनगर

NATIONAL GREEN TRIBUNAL
Principal Bench, New Delhi
Receipt & Issue Branch
Received
09 MAR 2026
Dairy No.....
Signature.....

## –:जॉच आख्या:–

## मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा निस्तारित ओ0ए0 संख्या 70/2026 आशीष सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य प्रकरण का आदेश दिनांक 06.02.2026 के अनुपालन हेतु आपके द्वारा गठित समिति की आख्या

**महोदय,**

कृपया आपके कार्यालय के पत्र संख्या 1888/16एफ–1 दिनांक 17.02.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में ओ0ए0 संख्या 70/2026 आशीष सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य प्रकरण का आदेश दिनांक 06.02.2026 के बिन्दु संख्या 08 जो निम्नवत् है :–

*"Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of representatives of Uttar Pradesh State Pollution Control Board (UPPCB), District Magistrate, Kushinagar and Divisional Forest Officer, Kushinagar and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant and representative of the concerned project proponent, verify the factual position and suggest appropriate remedial action by following due course of law and to submit its report within one month to this Tribunal and send a copy of the report to the concerned authorities who shall be bound to take appropriate action in accordance with law and Principles of Natural Justice by giving opportunity of being heard to the concerned project proponent and to submit action taken report within next one month."*

में दिये गये निर्देश के अनुपालन में जांच समिति गठित कर जांच आख्या उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के क्रम में दिनांक 23.02.2026 को चार सदस्यीय टीम क्रमशः (1) श्री मो0 जफर उप जिलाधिकारी न्यायिक, कुशीनगर (2) श्री जितेन्द्र कुमार उप प्रभागीय वनाधिकारी, कुशीनगर (3) श्री पी0पी0 सिंह, सहायक पर्यावरण अभियंता, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर (4) श्री शुभम कुमार, जे0आर0एफ0, जिला पर्यावरण समिति, कुशीनगर द्वारा मौके की स्थलीय जांच किया गया। श्री आशीष सिंह याचिकाकर्ता तथा प्रस्तावित गौ संरक्षण केन्द्र जोकि पशुपालन विभाग द्वारा निमार्णाधीन है की ओर से श्री डा0 जावेद अहमद, पशु चिकित्साधिकारी, कुबेरस्थान मौके पर उपस्थित रहें। जांच समिति की आख्या निम्नवत् है :–

**राजस्व विभाग:–** ग्राम पंचायत प्रस्ताव दिनांक 29.01.2024 के क्रम में पत्रांक 724 दिनांक 01.07.2024 जिलाधिकारी, कुशीनगर शासनादेश संख्या–744/एक.01.2016–20(5)/2016 राजस्व अनुभाग–1 दिनांक 03.06.2016 का आंशिक परिष्कार करते हुये उ0प्र0रा0सं0 2006 की धारा 59 की उप धारा (4) के खण्ड (ग) तथा उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 के नियम 55 तथा शासकीय अधिसूचना संख्या–740/एक–1–2016–20(05)/2016 दिनांक 03 जून 2016 का संशोधित अधिसूचना संख्या 687/एक–01–2020–20(05)/2016 दिनांक 06.07.2020 द्वारा ग्राम कोहरवलिया के गाटा संख्या 537/1.000 हे0 बंजर/श्रेणी 5–3–ड गौ संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि पुर्नग्रहित किया गया है।

**पशुपालन विभाग:–** निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 1415/सा0–2/XII–619(भाग–3)/2024–25 दिनांक 26.06.2024 द्वारा नवीन गौ संरक्षण केन्द्र के स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन/पुर्नग्रहित किये जाने का निर्देश प्राप्त है, जिसके अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या 724/भूमि सुधार/पु0ग्र0आ0/2024 दिनांक 01.07.2024 द्वारा तहसील पडरौना के ग्राम कोहरवलिया में गाटा संख्या 537/क्षे0 1.000 हे0 भूमि की श्रेणी–बंजर 5–3–ड भूमि गौ संरक्षण केन्द्र के निमार्ण हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त के क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुशीनगर द्वारा अपने पत्र संख्या 296/स्था0–2/2024–25 दिनांक 01.07.2024 द्वारा निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को उक्त गौ संरक्षण निमार्ण हेतु निर्माण भूमि का चिन्हाकन/पुर्नग्रहित कर प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। तत् पश्चात निदेशक महोदय पशुपालन विभाग द्वारा अपने पत्र संख्या 2020/सा0–2/XII–619 (भाग–3)/2024–25 दिनांक 14.10.2024 द्वारा कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड(यू0पी0सी0एल0डी0एफ0) को नामित करते हुये गौ संरक्षण केन्द्र निर्माण हेतु प्रथम किस्त की धनराशि रु0 80.00 लाख (अस्सी लाख रू0 मात्र) अवमुक्त किया गया है।

ग्राम कोहरवलिया में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र निर्माण हेतु चिन्हित भूमि में लगे वृक्ष का मूल्यांकन कराने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुशीनगर के पत्र संख्या 1266/वृ0गो0सं0के0/2024–25 दिनांक 25.01.2025 द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी कुशीनगर को पत्र प्रेषित किया गया। ग्राम प्रधान कोहरवलिया के आवेदन दिनांक 27.02.2025 द्वारा उक्त गौ संरक्षण केन्द्र में लगे हुये वृक्षों का मूल्यांकन के उपरान्त नीलामी किये जाने की अनुमति हेतु उप जिलाधिकारी पडरौना से अनुरोध किया गया था। नीलामी अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुशीनगर के पत्र संख्या 369/वृ0गो0सं0के0/2025–26 दिनांक

27.06.2025 द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड(यू0पी0सी0एल0डी0एफ0) प्रखण्ड गोरखपुर को प्रथम किस्त की धनराशि रु0 80.00 लाख (अस्सी लाख रू0 मात्र) हस्तान्तरित करने के उपरान्त निर्धारित अवधि में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र की निर्माण कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। जिसके क्रम में उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड ने अपने पत्र संख्या 286/यू0पी0सी0एल0डी0एफ0/ 2025–26 दिनांक 20.12.2025 द्वारा तहसील–पडरौना के ग्राम कोहरवलिया में प्रथम किस्त की धनराशि रु0 80.00 लाख (अस्सी लाख रू0 मात्र) के सापेक्ष शतप्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण कर उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। उक्त के क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कुशीनगर द्वारा अपने पत्र संख्या 1474/लेखा/भवन/2025–26 दिनांक 20.02.2026 द्वारा त्रिस्तरीय कमिटी निर्धारित कर उक्त गौ संरक्षण केन्द्र की गुणवकत्ता की जांच हेतु नामित किया गया है, जो अभी प्रकियाधीन है। कटे वृक्षों से हुये पर्यावरणीय क्षरण को पूरा करने के लिए मियावाकी पद्धति से विभागीय वृक्षारोपण अगामी वर्षाकाल–2026 में कराकर वन स्थापना करायी जायेगी।

**वन विभाग** :–ग्राम–कोहरवलिया, तप्पा–चौरा बड़गांव, तहसील–पडरौना, जिला–कुशीनगर में मौके पर पहुचकर स्थलीय जांच/परीक्षण किया गया। गाटा संख्या–537 के रकबा–1.00 हे0 में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र (गौशाला) की स्थापना हेतु भूमि चिन्हित की गयी, जिसके क्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कुशीनगर ने अपने पत्रांक–1266/वृ0ग0सं0के0/2024–25 दिनांक 25.01.2025 के माध्यम से वृहद गौ संरक्षण केन्द्र हेतु चिन्हित भूमि पर खड़े वृक्षों के मूल्यांकन किये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया, जिसके क्रम में ग्राम प्रधान कोहरवलिया द्वारा भी दिनांक 06.02.2025 को मूल्यांकन हेतु आवेदन किया गया। आवेदन पत्र की जांच हेतु **इस कार्यालय के पत्र संख्या–1813/37–1 दिनांक 06.02.2025** से क्षेत्रीय वन अधिकारी पडरौना को जांच कर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी पडरौना द्वारा वृक्षों का मूल्यांकन जांच रिपोर्ट पत्र संख्या–मेमो/37–1 दिनांक 21.02.2025 द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें कुल 135 वृक्ष (सिरस, कुकाठ, ताड़, गुलर, आम, बड़हर, महुआ, अशोक, बेर, जामुन, पीपल, सेमल, बेल आदि) के वृक्ष बाधक पाये गये है, जिनका नियमानुसार मूल्यांकन कर धनराशि मु0 205100.00 रूपये दो लाख पांच हजार एक सौ मात्र विभागीय अनुसूचित दर के अनुसार आगणन पत्र सम्बन्धित को प्रेषित किया गया है।

उक्त आगणन रिपोर्ट के आधार पर प्रभागीय वनाधिकारी महोदय, कुशीनगर द्वारा पत्रांक–1957/37–1 दिनांक 24.02.2025 से श्री सुरेन्द्र गुप्ता (ग्राम प्रधान) ग्राम–कोहरवलिया, पोस्ट–कुबेरस्थान, थाना–कुबेरस्थान, जिला–कुशीनगर को **135 वृक्षों** को नीलामी कराने हेतु मूल्यांकन रिपोर्ट प्रेषित किया गया एवं यह भी अवगत कराया गया कि नीलामी के उपरान्त ही वृक्षों को काटने हेतु इस कार्यालय को निर्धारित प्रपत्र में वांछित अभिलेख पूर्ण कर आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें, ताकि पातन अनुज्ञा पत्र जारी किया जा सके।

उक्त वृक्षों की नीलामी श्री इन्द्रजीत शर्मा पुत्र श्री बालकुवंर शर्मा, ग्राम–कोहरवलिया, पोस्ट–कुबेरस्थान, थाना–कुबेरस्थान, जिला–कुशीनगर के द्वारा ली गयी। क्रेता द्वारा निर्धारित प्रपत्र में पातन अनुज्ञा पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया गया, जिसके क्रम में पर्यावरणीय क्षति को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम बार–केवल 50 वृक्षों के पातन हेतु पातन अनुज्ञा पत्र प्रभागीय वनाधिकारी, कुशीनगर के पत्र संख्या–438/37–1 दिनांक 27.08.2025 से जारी किया गया आवेदक श्री इन्द्रजीत शर्मा को पुनः पत्र संख्या–1784/37–1 दिनांक 04.02.2026 द्वारा 50 वृक्षों का पातन अनुज्ञा जारी किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में क्रेता द्वारा 100 वृक्षों का पातन कर लिया गया है, शेष 35 वृक्षों का पातन हेतु क्रेता द्वारा पातन अनुज्ञा शुल्क जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण 35 वृक्षों का अनुज्ञा पत्र जारी नहीं किया गया है। यहॉ पर यह उल्लेख करना समाचीन होगा कि, उक्त 135 बाधित वृक्ष प्राकृतिक रूप से उगे थे, विकास कार्यो की बाध्यता के दृष्टिगत पातन अनुज्ञा जारी की गयी।

**उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड गोरखपुर** :–ग्राम–कोहरवलिया, तप्पा–चौरा बड़गांव, तहसील–पडरौना, जिला–कुशीनगर में जांच किया गया। गाटा संख्या–537 के रकबा–1.00 हे0 में निर्माणाधीन वृहद गौ संरक्षण केन्द्र (गौशाला) के निर्माण होने के उपरान्त संरक्षित गौ वंशों का अपशिष्ट मल और अपशिष्ट जल निकटस्थ भूपसागर पोखर में प्रवाहित नहीं किया जाय। निर्माणाधीन गौ संरक्षण केन्द्र हेतु उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापनार्थ सहमति प्राप्त किया जाना आवश्यक है, इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि गौ संरक्षण केन्द्र से जनित उत्प्रवाह के शुद्धिकरण हेतु उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयन्त्र की स्थापना भी आवश्यक है।

**निष्कर्ष :–**

मौके पर स्थलीय सत्यापन के दौरान याचिकाकर्ता श्री आशीष सिंह, निवासी–प्रानछपरा (बड़गांव) मौजूद रहे। उनके अनुसार प्रस्तावित स्थल पर सैकड़ों वर्ष पुराने वृक्ष थे, जो कि सुक्ष्म प्राकृतिक वन

(इकोसिस्टम) मौजूद था, जिसे उक्त परियोजना के कारण नष्ट कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा जारी पातन अनुज्ञा में इस तथ्य का ध्यान रखा गया है कि किसी भी प्रकार के प्रतिबन्धित वृक्षों का अवैध पातन न हो तथा मौके पर इस प्रकार के किसी वृक्ष को नहीं गिराया गया है, जिससे सुक्ष्म प्राकृतिक वन नष्ट होना दृष्टिगत हो। प्रस्तावित स्थल के बगल में भूपसागर पोखर स्थित है तथा पोखर के चारों तरफ भीटा (ऊंची मिट्टी) स्थापित है। अतः जलाशय को किसी प्रकार का कोई नुकसान मौके पर नहीं दिखा है।

पशुपालन विभाग द्वारा प्रस्तावित गौशाला में गौ अवशेष से खाद गड्ढ़े का निर्माण किया जायेगा एवं ओपेन ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था प्रस्तावित है। पशुपालन विभाग द्वारा वर्षाकाल–2026 में आवंटित पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष गौशाला स्थल पर निर्माण के अतिरिक्त बची हुई भूमि पर बाड़ लगाकर पौधरोपण कार्य कराना उचित होगा।

अतः समिति द्वारा उक्त स्थान पर हुये वृक्षों के पातन से पर्यावरणीय क्षरण के प्रतिपूर्ति हेतु निम्न सुझाव प्रस्तावित किया जाता है:–

(i) गौशाला पर निर्माण के अतिरिक्त भू–भाग पर पशुपालन विभाग द्वारा मियावाकी पद्धति से वृहद वृक्षारोपण कराया जाय, जिससे पोखर के चारों तरफ पारिस्थितिकी एव पर्यावरणीय क्षरण को पूर्ति किया जा सके।

(ii) जलाशय/पोखरा के चारों ओर खाली स्थान पर आगामी वर्षाकाल–2026 में वृक्षारोपण किया जाना उचित होगा।

(iii) गौशाला केयरटेकर द्वारा उक्त नवरोपित पौधों की देख–भाल/रखरखाव की जाये, यह पशुपालन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

अतः जांच आख्या सेवा में सादर प्रेषित है।

| (शुभम कुमार) | (पी0 पी0 सिंह) | (ए0 के0 सिंह) | (जितेन्द्र कुमार) | (मो0 जफर) |
|---|---|---|---|---|
| जे0आर0एफ0 | सहायक पर्यावरण अभियंता, | मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, | उप प्रभागीय वनाधिकारी, | उप जिलाधिकारी, |
| जि0पर्या0स0, | उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, | कुशीनगर | कुशीनगर | न्यायिक, कुशीनगर |
| कुशीनगर | गोरखपुर | | | |

# कार्यालय जिलाधिकारी, कुशीनगर

पत्रांक 1888 /16F-1 दिनांक, पडरौना, फरवरी 17 /2026

## कार्यालय–आदेश

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा निस्तारित ओ0 ए0 संख्या–70/2026 आशीष सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य प्रकरण का आदेश दिनांक 06.02.2026 के द्वारा अनुपालन आख्या एक माह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। आदेश दिनांक 06.02.2026 के **बिन्दु संख्या–08** में दिये गये निर्देशानुसार निम्न प्रकार चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया जाता है।

| क्र०स० | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | Sh Mohd. Zafar | Dy Collector |
| 2. | श्री जितेन्द्र कुमार | उप प्रभागीय वनाधिकारी, कुशीनगर |
| 3 | श्री आशुतोष चौहान | क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर |
| 4 | श्री शुभम कुमार | जे0आर0एफ0, जिला पर्यावरण समिति, कुशीनगर |

संलग्नक– आदेश दिनांक 06.02.2026 की छायाप्रति।

जिलाधिकारी
कुशीनगर

संख्या : 1888 /उक्तदिनांकित।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, कुशीनगर।
3. जांच समिति के समस्त सदस्यों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त प्रकरण की जांच कर जांच रिपोर्ट तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. श्री आशीष सिंह (प्रतिवादी) ओ0 ए0 संख्या–70/2026।

जिलाधिकारी
कुशीनगर

Item No. 05 Court No. 2

**BEFORE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

Original Application No. 70/2026

Ashish Singh Applicant

Versus

State of Uttar Pradesh & Ors. Respondents

Date of hearing: 06.02.2026

**CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE ARUN KUMAR TYAGI, JUDICIAL MEMBER**
**HON'BLE DR. AFROZ AHMAD, EXPERT MEMBER**

Applicant: Mr. Ashish Singh-Applicant in person (through V.C.).

**ORDER**

1. Mr. Ashish Singh made the present complaint dated 29.08.2025 to this Tribunal on Public Grievances Portal, which has been treated and registered as O.A. No. 70/2026 for exercise of suo moto jurisdiction in view of law laid down by Hon'ble Supreme Court in ***Municipal Corporation of Greater Mumbai vs. Ankita Sinha, (2022) 13 SCC 401.***

2. The relevant part of the complaint enumerating grievances of the applicant is reproduced as follows:-

*xxx.....xxx.....xxx*

*"विषयः उत्तर प्रदेश, कुशीनगर जनपद, तहसील पड़रौना के कोहरवलिया ग्राम पंचायत में सुक्ष्म वन के प्राचीन पेड़ों को काटे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराने एवं तत्काल हस्तक्षेप पर कटान रोकने के सम्बन्ध में।*
*महोदय, ग्राम पंचायत कोहरवलिया स्थित गाटा संख्या 537 में प्राचीन पेड़ो से निर्मित एक सुक्ष्म जंगल है। इसमें पीपल, बरगद, जामुन, गुलर, पाकड़ जैसे पर्यावरण महत्व के सैकड़ो पेड़ हैं जिनकी आयु 100 वर्ष के लगभग है। हाल ही में जिलाधिकारी कार्यालय के परवाना पत्रांक 724/01-07-*

*24 द्वारा उक्त भूमि को बंजर भूमि / श्रेणी 5-3-ड घोषित करते हुवे गौ संरक्षण केन्द्र (गौशाला) निर्माण हेतू पुर्नग्रहण (अधिग्रहण) का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश का हवाला उ०प्र० रा०सं० 2006 की धारा 59 (4) (ग) एवं अन्य शासनादेशों के तहत दिया गया है।*
*प्रशासनिक आदेशों में भुमि को बंजर बताया गया है जबकि वास्तविकता यह है की वहां एक स्थापित सूक्ष्म प्राकृतिक वन (इकोसिस्टम) पहले से मौजूद है। यह तथ्यात्मक त्रुटि पुरे आदेश को दोषपूर्ण बनाती है जिसके कारण पर्यावरण महत्व के इतने पेड़ काटे जाने हैं। यह क्षेत्र का एकलौता प्राकृतिक सुक्ष्म वन है, और ऐतिहासिक भुपसागर पोखरे के पास है। विकास के नाम पर इसका विनाश एक अपूर्णनीय क्षति होगी।*
*अतः तत्काल प्रभाव से इस वन और प्राचीन पेड़ो का कटान रोका जाना जरूरी है। "*

3. English translation made by the Registry of this Tribunal of the relevant part of the complaint reads as under:-

> *"Subject: Regarding informing about the cutting of ancient trees of a micro-forest in Koharwaliya Gram Panchayat, Kushinagar District, Uttar Pradesh, and requesting immediate intervention to stop the felling.*
> *Sir,*
> *In the Gram Panchayat area, on Gata No. 537, there exists a micro-forest formed by ancient trees. It contains hundreds of environmentally significant trees such as peepal, banyan, jamun, gular, and pakad, whose age is approximately 100 years. Recently, vide permit letter no. 724 dated 01.07.24 issued by the District Magistrate's office, the said land has been declared barren land/Category 5-3-5 and an order has been issued for re-acquisition (acquisition) of the land for the construction of a cow protection centre (gaushala). This order has been issued with reference to Section 59(4)(g) of the Uttar Pradesh Revenue Code, 2006, and other government orders.*
> *In the administrative orders, the land has been described as barren, whereas in reality an established natural forest (ecosystem) already exists there. This factual error renders the entire order defective, as a result of which so many environmentally important trees are to be cut. This area is the only natural micro-forest of the region and is located near the historic Bhupsagar Pond. Its destruction in the name of development would be an irreparable loss. Therefore, it is essential that the cutting of this forest and the ancient trees be stopped with immediate effect."*

4. The Applicant has appeared before this Tribunal in person.

5. We have heard submissions made by the Applicant and gone through the O.A. and documents attached with the same.

6. The averments made in the O.A. *Prima facie* raise substantial questions relating to environment arising out of the implementation of the enactments specified in Schedule-I to the National Green Tribunal Act, 2010.

7. In view of the facts and circumstances of the case, we consider it appropriate that a Joint Committee be constituted with direction to verify the factual position and to suggest appropriate remedial measures and to send copies of its report to the concerned authorities for taking appropriate action in accordance with environmental laws/norms applicable to the activity in question.

8. Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of representatives of Uttar Pradesh State Pollution Control Board (UPPCB), District Magistrate, Kushinagar and Divisional Forest Officer, Kushinagar and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant and representative of the concerned project proponent, verify the factual position and suggest appropriate remedial action by following due course of law and to submit its report within one month to this Tribunal and send a copy of the report to the concerned authorities who shall be bound to take appropriate action in accordance with law and Principles of Natural Justice by giving opportunity of being heard to the concerned project proponent and to submit action taken report within next one month.

9. The District Magistrate, Kushinagar will be the nodal agency for coordination and compliance regarding submission of the report of the Joint Committee and filing of action taken reports by the concerned authorities.

10. Report by the Joint Committee and action taken reports by the concerned authorities may be filed as directed above before the learned Registrar General of this Tribunal, who shall be at liberty to place the matter before the Bench if further orders are considered to be necessary.

11. The District Magistrate, Kushinagar is directed to ensure requisite compliance and submission of reports within specified period and in case of non-compliance, exemplary costs may be imposed by this Tribunal on the District Magistrate, Kushinagar and concerned officers/authorities.

12. The present original application is disposed of accordingly.

13. However, in the eventuality of the applicant or concerned project proponent having any grievances against the report of the Joint Committee or action taken by the concerned authorities, the Applicant or the concerned project proponent may move this Tribunal by way of appropriate proceedings for such further orders as may be considered necessary.

14. A copy of this order may be sent to the Member Secretary, Uttar Pradesh State Pollution Control Board, District Magistrate, Kushinagar and the Divisional Forest Officer, Kushinagar by email for requisite compliance.

Arun Kumar Tyagi, JM

Dr. Afroz Ahmad, EM

February 06th, 2026
Original Application No. 70/2026
AB

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD
T.C/12V, Vibhuti Khand Gomti Nagar, Lucknow –226010
Phone: 2720831, 2720828 Fax: 0522 – 2720764
Email: info@uppcb.in - Web Site: www.uppcb.in

संदर्भ संख्या H 38470 /सी.-6/सा0-1051/ओ0ए0 नं0-70/2026/गोरखपुर/2026 दि0 25/02/26

मा0 एन0जी0टी0 प्रकरण/
ई-मेल द्वारा

सेवा में,

| | |
|---|---|
| 1.जिलाधिकारी,<br>कुशीनगर | 2.प्रभागीय वन अधिकारी,<br>कुशीनगर। |

विषयः मा0 एन0जी0टी0, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 नं0-70/2026 आशीष सिंह बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 व अन्य में पारित आदेश दिनांक 06.02.2026 के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मा0 एन0जी0टी0, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 नं0-70/2026 आशीष सिंह बनाम स्टेट ऑफ उ0प्र0 व अन्य में पारित आदेश दिनांक 06.02.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश के सुसंगत अंश निम्नवत् हैः-

*".....7. In view of the facts and circumstances of the case, we consider it appropriate that a Joint Committee be constituted with direction to verify the factual position and to suggest appropriate remedial measures and to send copies of its report to the concerned authorities for taking appropriate action in accordance with environmental laws/norms applicable to the activity in question.*

*8. Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of representatives of Uttar Pradesh State Pollution Control Board (UPPCB), District Magistrate, Kushinagar and Divisional Forest Officer, Kushinagar and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant and representative of the concerned project proponent, verify the factual position and suggest appropriate remedial action by following due course of law and to submit its report within one month to this Tribunal and send a copy of the report to the concerned authorities who shall be bound to take appropriate action in accordance with law and Principles of Natural Justice by giving opportunity of being heard to the concerned project proponent and to submit action taken report within next one month.*

Scanned with OKEN Scanner

9. *The District Magistrate, Kushinagar will be the nodal agency for coordination and compliance regarding submission of the report of the Joint Committee and filing of action taken reports by the concerned authorities.....*"

मा0 अधिकरण द्वारा उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रभागीय वन अधिकारी एवं जिलाधिकारी, कुशीनगर की एक संयुक्त समिति गठित करते हुये समिति द्वारा 01 माह में रिपोर्ट मा0 अधिकरण में दाखिल किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त वर्णित आदेश के अनुपालन में उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से श्री आशुतोष सिंह चौहान, क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर को उक्त संयुक्त समिति का सदस्य नामित किया जाता है, जिनका मोबाईल नं0-8858321685, ई-मेल **rogorakhpur@uppcb.in** है।

अतः उपरोक्तानुसार मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.02.2026 की छायाप्रति संलग्नकर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

भवदीय,

संलग्नकः-यथोपरि।

Digitally signed by Sanjeev Kumar Singh
Date: 24-02-2026 11:03:04

(संजीव कुमार सिंह)
सदस्य सचिव

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विधि अधिकारी, (प्रभारी), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
2. क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संयुक्त समिति के अन्य सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुये मा0 एन0जी0टी0, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये।

Scanned with OKEN Scanner

# उद्धरण खतौनी (शासकीय)

उद्धरण क्रमांक : 18869620250160

ग्राम क्रमांक : 188696 ग्राम का नाम (परगना) : कोहरवलिया त. चौराब(सिधुआ जोवना) तहसील : पडरौना जनपद : कुशीनगर फसली वर्ष : 1426-1431 (01 जुलाई, 2018 से 30 जून, 2024)
भाग : 1 (1) खाता संख्या : 00530

श्रेणी : 5-3-ङ / अन्य कृषि योग्य बंजर भूमि

| खातेदार का विवरण | | खातेदारी प्रारम्भ होने का विवरण | | भूमि का विवरण | | खातेदार का अंश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खसरा/ गाटा संख्या | (2) नाम/पिता-पति-संरक्षक-प्रबंधक का नाम / जाति कोड / आधार नं0 (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन नं0 (6-9 स्थान के अंक) / पता / जन्मतिथि (अवयस्क हेतु) | (3) न्यायालय का नाम / कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या अथवा आदेश संख्या / आदेश का दिनांक / जोत का आधार | (4) वर्ष | (5) गाटा (यूनीक कोड) | (6) गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे.) | (7) हिस्से में | (8) क्षेत्रफल में (हे.) | (9) खातेदार द्वारा देय भू-राजस्व |
| 537 | 1) बंजर/./नि. ग्राम | | 1390 | 537(1886960537000057) | 1.1970 | 1) 1/1 | 1) 1.1970 | 0.00 |
| | | | | | | | 1.1970 | |

कुल गाटे- एक कुल क्षेत्रफल- एक दशमलव एक नौ सात शून्य (हेक्टेयर) कुल भू-राजस्व - शून्य दशमलव शून्य शून्य रुपये कुल अंश का क्षेत्रफल - एक दशमलव एक नौ सात शून्य (हेक्टेयर)

| नामान्तरण / परिवर्तन का विवरण | खारिज किया गया | | | दर्ज किया गया | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (10) न्यायालय का नाम / कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या अथवा आदेश संख्या / आदेश का दिनांक / नामान्तरण का आधार / डिजिटल हस्ताक्षर नाम / डिजिटल हस्ताक्षर दिनांक | (11) नाम / पिता-पति-संरक्षक-प्रबंधक का नाम / जाति कोड / आधार नं0 (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन नं0 (6-9 स्थान के अंक) / पता / जन्मतिथि (अवयस्क हेतु) | (12) गाटे का खसरा नम्बर / यूनीक कोड | (13) क्षेत्रफल (हे.) | (14) नाम / पिता-पति-संरक्षक-प्रबंधक का नाम / जाति कोड / आधार नं0 (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन नं0 (6-9 स्थान के अंक) / पता / जन्मतिथि (अवयस्क हेतु) | (15) गाटे का खसरा नम्बर / यूनीक कोड | (16) क्षेत्रफल (हे.) |
| | | | | | | |

1) न्यायालय द्वारा दिक्री : परवाना से पत्रांक 724/01.07.24 जिलाधिकारी कुशीनगर शासनदेश सं0 744/एक.01.2016-20 (5)/2016 राजस्व अनुभाग-1 दिनांक 03.06.2016 का आंशिक परिष्कार करते हुए और उ0प्र0 रा0सं02006 की धारा 59 की उपधारा (4) के खण्ड (ग) तथा उ0प्र0रा0सं0 नियमवाली 2016 के नियम 55 तथा शासकीय अधिसूचना सं0 -740/एक-1-2016-20 (5)/2016दिनांक 3 जून 2016 का संशोधित अधिसूचना सं0 687/एक-01-2020-20 (5)/2016 दिनांक 06.07.2020द्वारा ग्राम कोहरवलिया के गाटा स0 537/1.000हे0 बंजर / श्रेणी 5-3-ड गी संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि पुनग्रहित की जा रही है। (डिजिटल हस्ताक्षर : ARVIND KUMAR/23-01-2025 )

(17)भूमि के सम्बन्ध में विचाराधीन राजस्व वाद/वादों की कम्प्यूटरीकृत संख्या :

(18)बंधक/बंधक-मुक्त होने की स्थिति

(18.1)बंधक होने की स्थिति (संस्था अथवा बैंक का नाम/कोड/बंधक का दिनांक/धनराशि/आवेदन संख्या/खातेदार(पिता-पति-संरक्षक)) :

(18.2)बंधक-मुक्त होने की स्थिति (संस्था अथवा बैंक का नाम/कोड/बंधक-मुक्त का दिनांक/धनराशि/आवेदन संख्या/खातेदार(पिता-पति-संरक्षक)) :

(19)अभ्युक्ति :

पूर्व आदेशों का विवरण

1) उ0प्र0 जमींदारी विनाश तथा भूमि व्यवस्था अधिनियम- 1950 की धारा-117 की उपधारा-(6) के प्राप्त शक्तियों प्रयोग करके तथा शासकीय अधिसूचना संख्या 258/रा0- 1-16(1)-73 दिनांक 07 मई 1981 तथा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं, रिंजियान सैम्फिल, जिलाधिकारी कु शीनगर संलग्न अनुसूची में उल्लिखित को

2) जो अबतक अनुसूची के स्तम्भ-6 में उल्लिखित ग्रामसभा में निहित थी, फिर से अपने अधिकार में लेता हूं। ----------अनुसूची---------- क्र 0सं0 जिला तहसील परगना गांव 1 कु शीनगर पडरौना सि0जो0 कोहरवलिया ग्रामसभा प्लाट सं0 क्षेत्रफल

3) कोहरवलिया 537 1.197 विवरण प्रयोजन जिसके लिए भूमि पुनर्ग्रहित की जा रही है। विकास खण्ड कु बेरस्थान के निर्माण हेतु। यदि भूमि निर्धारित उद्देश्य के प्रयोग में तीन वर्ष के अन्दर नहीं लायी जायेगी अथवा इतर प्रयोग में लायी

4) जाती है तो उक्त भूमि स्वत : ग्रामसभा को वापस हो जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| **Data Digitally Signed by: ARVIND KUMAR (REVENUE INSPECTOR INCHARGE)**<br>**दिनाँक/समय/स्थान: 23-01-2025 06:44:37 तहसील : पडरौना**<br>यह उद्धरण खतौनी इलेक्ट्रोनिक डिलीवरी सिस्टम द्वारा तैयार की गयी है तथा डाटा डिजीटल हस्ताक्षर द्वारा हस्ताक्षरित है। | मुद्रित कर्ता : VIJAY KUMAR तहसील : पडरौना<br>मुद्रित दिनांक एवं समय: 23-01-2025 06:44:37<br>Not Applicable For Online Prints उपरोक्त उद्धरण खतौनी का वेरीफिकेशन https://upbhulekh.gov.in Website पर जाकर अथवा QR Code Scan करके किया जा सकता है। | रा० नि० (कार्यालय) तहसील-पडरौना<br>NATIONAL INFORMATICS CENTRE |

# नजरी नक्शा




ग्राम- कोहावलिया तप्पा- चौरा परगना तह०- पडरौना
जिला- कुशीनगर बाबत गाटा सं० 537/1.197हे०



[illegible]/2023/(23-24)

सम्यक् विचार विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा मानकीकरण सम्बन्धी प्रस्ताव को रू0 160.12 लाख की लागत पर निम्नवत् अनुमोदित किया गया

| S. No | DESCRIPTION | प्रस्तावित लागत UPRNSS QTY | RATE | AMOUNT IN LACS | UPCLDF QTY | RATE | AMOUNT IN LACS | अनुमोदित लागत FFC | | AMOUNT IN LACS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CATTLE SHED | 4.00 | 21.85 | 87.41 | 4.00 | 20.25 | 81.00 | 4.00 | 20.72 | 82.88 |
| 2 | HAY GOWDOWN | 1.0 | | 11.52 | | | 11.14 | | | 12.67 |
| 3 | OFFICE BUILDING | | | 7.24 | | | 6.58 | | | 7.24 |
| 4 | CHARANIYA | | | 3.04 | | | 2.54 | | | 3.04 |
| 5 | BORING AND SUMERSIBLE | | | 3.74 | | | 4.71 | | | 3.74 |
| 6 | BRICK SOLING (ROAD) | | | 4.81 | | | 5.06 | | | 4.81 |
| 7 | OPEN SURFACE DRAIN | | | 4.36 | | | 5.64 | | | 4.36 |
| 8 | CATTLE CRUSH | | | 0.08 | | | 0.08 | | | 0.08 |
| 9 | EXTERNAL WATER SUPPLY AND SEWERAGE | | | 2.20 | | | 2.11 | | | 2.2 |
| 10 | BARBED WIRE FENCING ON RCC POST | | | 0 | | | 2.86 | | | 2.86 |
| 11 | GATE | | | 0 | | | 0.64 | | | 0.64 |
| 12 | TOTAL | | | 126.41 | | | 122.36 | | | 124.52 |
| 13 | Contingency | 126.41 | 1% | 1.13 | क्रमांक–22 पर | | 0.00 | 124.52 | 1% | 1.25 |
| 14 | total | | | 127.54 | | | 122.36 | | | 125.76 |
| 15 | LESS 5 % | 127.54 | -5% | -6.38 | 122.36 | -5% | -6.12 | 125.76 | -5% | -6.29 |
| 16 | TOTAL | | | 121.16 | | | 116.24 | | | 119.47 |
| 17 | CENTAGE 12.5% | 121.16 | 12.50% | 15.14 | 116.24 | 12.50% | 14.53 | 119.47 | 10.00% | 11.95 |
| 18 | LABOUR CESS 1 % | 121.16 | 1% | 1.21 | 116.24 | 1% | 1.16 | 119.47 | 1% | 1.19 |
| 19 | GST 18 % | 121.16 | 18% | 21.81 | 130.77 | 18% | 23.54 | 119.47 | 18% | 21.51 |
| 20 | EXTERNAL ELECTRIC CONNECTION | | | 1.00 | | | 1.00 | | | 1.00 |
| 21 | SOLAR BACK UP | | | 5.00 | | | 5.00 | | | 5.00 |
| 22 | contingency | क्रमांक–13 पर | | 0.00 | | | 1.16 | क्रमांक–13 पर | | 0.00 |
| 23 | TOTAL | | | 165.33 | | | 162.63 | | | 160.12 |

22.6.2023

( इं० राजेश कुमार )
निदेशक
प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान, उ०प्र०
योजना भवन, लखनऊ

22/06

(डा० [illegible] दुबे)
अपर मुख्य सचिव,
दुग्ध विकास, [illegible]

कोड 06/20-06-2023/(23-24)

समिति द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. प्रशासकीय विभाग द्वारा प्रायोजना पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जाय।
2. प्रशासकीय विभाग द्वारा नियमानुसार रास्ता यथा आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय।
3. प्रायोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मानचित्रों को आवश्यकतानुरूप प्रशासकीय विभाग द्वारा स्थानीय विकास प्राधिकरण/सक्षम लोकल आथॉरिटी से स्वीकृत कराया जाय।
4. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि अनुमन्य कर दी गयी है। प्रशासकीय विभाग द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जाय कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।
5. प्रशासकीय विभाग द्वारा इस मानकीकरण के आधार पर वित्तीय स्वीकृति उन्हीं प्रायोजनाओं हेतु किया जाय जिन प्रायोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध हो।
6. प्रशासकीय विभाग द्वारा मानकीकरण सम्बन्धी शासनादेश निर्गत किया जाय।
7. प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/प्रशासनिक विभाग का होगा।
8. प्रायोजना की लागत का अनुमोदन प्रशासकीय/वित्तीय अनुमोदन तथा बजट आवंटन के उद्देश्य से किया गया है। प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जाय।

22.6.2023

( इं० राजेश कुमार )
निदेशक
योजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान, उ०प्र०
योजना भवन, लखनऊ

22/06

(डा० रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव,
दुग्ध विकास, मत्स्य तथा पशुधन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

9. आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों को यथावत मानते हुए लागत का आंकलन किया गया है, जिनमें कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे–नये कार्य बढ़ाना, मात्राओं एवं विशिष्टियों में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्य कराया जाय।

10. प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डूप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व प्रशासकीय विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

**(कार्यवाहीः पशुधन विभाग, उ0प्र0 शासन)**

22.6.2023
(इं0 राजेश कुमार)
निदेशक, पी0एफ0ए0डी0
सदस्य–संयोजक

22/06
(वहीद बख्श)
मुख्य अभियंता (भवन),
लो0नि0वि0– सदस्य

22/6/23
(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव,
पशुधन विभाग – सदस्य

**(दीपक कुमार)**
अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त
अध्यक्ष, व्यय वित्त समिति

प्रेषक

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास/विभागाध्यक्ष,
पशुपालन विभाग,उ0प्र0,
लखनऊ।

अति आवश्यक/महत्वपूर्ण

सेवा में

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,
जनपद अलीगढ, औरैया, अयोध्या, बदायूँ, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, भदोही, बिजनौर, चंदौली, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, कन्नौज, कुशीनगर, मऊ, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, कौशाम्बी, सहारनपुर, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, कानपुर देहात, शामली रायबरेली, वाराणसी तथा झाँसी, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 1415/ सा0-2/ XII-619(भाग-3)/2024-25, दिनांक- 26-06-2024

विषय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में गो संरक्षण केन्द्रो की स्थापना योजनातर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष नवीन गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन/पुर्नग्रहीत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-1326/सा0-2/XII-619(भाग-3) /2024-25, दि0 10.06.2024 का सदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना योजनातर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष जनपद में निराश्रित गोवंश के सरक्षण हेतु गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जानी है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में आय-व्ययक में अनुदान सख्या-15 के अधीन लेखाशीर्षक-4403-पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय 800-अन्य व्यय-04 गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के अन्तर्गत मानक मद-24-वृहत निर्माण कार्य हेतु कुल रू0 14000.00 लाख की धनराशि प्राविधानित है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अद्यतन कुल 477 वृहद गो संरक्षण केन्द्र स्वीकृत हैं। जिसके सापेक्ष 301 केन्द्र निर्मित एवं क्रियाशील हैं, एवं 176 वृहद गो संरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। मा0 मुख्यमंत्री जी की निराश्रित गोवश सरक्षण के प्रति प्राथमिकता के दृष्टिगत संदर्भित योजनांतर्गत 2024-25 में जनपद अलीगढ, औरैया, अयोध्या, बदायूँ, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, भदोही, बिजनौर, चंदौली, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, कन्नौज, कुशीनगर, मऊ, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, कौशाम्बी, सहारनपुर, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, कानपुर देहात, शामली, रायबरेली, वाराणसी तथा झाँसी में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष गो संरक्षण केन्द्रो की स्थापना की जानी है। योजना के क्रियान्वयन से संबधित निर्गत शासनादेशानुसार केन्द्र के निर्माण हेतु धनराशि हस्तातरण से पूर्व जनपद में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

सदर्भित जनपदों में अवशेष निराश्रित गोवंशों की अधिक संख्या के दृष्टिगत नये केन्द्र बनाये जाने हेतु भूमि चिन्हित किये जाने की कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराएँ। भूमि की चयन के समय यह अवश्य ध्यान रखा जाए कि चिन्हित स्थान के लिए पहुँच मार्ग हो, भूमि निर्विवादित हो, हाई टेंशन पावर लाईन भूमि के ऊपर से न गुजर रही हो तथा जलभराव की समस्या से मुक्त हो।

अंत उक्त के क्रम में संबंधित जनपदों में निराश्रित गोवंश की संख्या के सापेक्ष न्यूनतम 01 हेक्टेयर भूमि की उपलब्धता के अनुसार गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु सम्बन्धित जिलाधिकारी से अनुरोध कर भूमि का चिन्हाकन एवं पुर्नग्रहण आदेश सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कराते हुये वृहद गो संरक्षण केन्द्रों हेतु नवीन प्रस्ताव निदेशालय को 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 आर0 एन0 सिंह)
निदेशक
प्रशासन एवं विकास/विभागाध्यक्ष

पत्रांक /सा0-2/ XII-619(भाग-3)/2024-25, तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1-संबंधित मण्डलीय, अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
2-संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3-प्रमुख सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

(डा0 आर0 एन0 सिंह)
निदेशक
प्रशासन एवं विकास/विभागाध्यक्ष

## आकार पत्र–1

## आदेश

इस कार्यालय के आदेश संख्या–1126/भू0सु0–13, दिनॉक–17 सितम्बर 2013 द्वारा विकास खण्ड कुबेरनाथ के निर्माण हेतु ग्राम कोहरवलिया, तहसील–पडरौना के गाटा सख्या–537/1.197 हे0 का पुनर्ग्रहण किया गया था, जिसका अंकन राजस्व अभिलेखों मे अंकित है। उक्त आदेश इस शर्त के साथ निर्गत किया गया था कि "यदि भूमि निर्धारित उद्देश्य के प्रयोग में तीन वर्ष के अन्दर नही लायी जायेगी अथवा इतर प्रयोग में लायी जाती है तो उक्त भूमि स्वत: ग्राम सभा को वापस हो जायेगी।"

उप जिलाधिकारी, पडरौना के पुर्नग्रहण प्रस्ताव पत्र सख्या -392/रा0नि0 (का0) -2024, दिनाक 18.01.2024 एवं पत्रॉक–421/रा0नि0(का0)–2024, दिनॉक–29 फरवरी, 2024 के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत भूमि वर्तमान में गॉव सभा के अधीन है, जिस पर विकास खण्ड कुबेर स्थान के निर्माण विषयक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। ऐसी दशा में बंजर के खाते मे दर्ज गाटा संख्या–537/1.197 हे0 भूमि पर गौ संरक्षण केन्द्र बनाये जाने हेतु पुनर्ग्रहित किये जाने की संस्तुति सहित आख्या प्रेषित किया गया है।

उक्त के आलोक में शासनादेश संख्या–744/एक–1–2016–20(5)/2016 राजस्व अनुभाग–1, दिनांक 03.06.2026 का आंशिक परिष्कार करते हुए और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 (उ0प्र0 अधिनियम संख्या 8 सन् 2012) की धारा 59 की उपधारा (4) के खण्ड (ग) तथा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के नियम 55 द्वारा प्राप्त शक्ति का प्रयोग करके तथा शासकीय अधिसूचना सं0–740/एक–1–2016–20(5)/2016 दिनांक–3जून, 2016 का संशोधित अधिसूचना संख्या–687/एक–1–2020–20(5)/2016,दिनांक 06.07.2020 द्वारा प्रतिनिहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए मै उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी कुशीनगर संलग्न अनुसूची में उल्लिखित भूमि को, जो अब तक उपरोक्त दिनांक–03.06.2016 के शासनादेश के अनुसार अनुसूची के स्तम्भ–6 में उल्लिखित ग्राम पंचायतों/ स्थानीय प्राधिकरणों के प्रबन्धन में निहित थी, को फिर से अपने अधिकार में लेता हूँ।

## अनुसूची

| क0 सं0 | जिला | तहसील | परगना | गांव | गाटा सं0 | क्षेत्रफल (हे0 में) | भूमि की श्रेणी/ प्रकृति | विवरण (प्रयोजन जिसके लिए भूमि पुनर्ग्रहीत की जा रही हैं) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कुशीनगर | पडरौना | सि0जो0 | कोहरवलिया | 537 | 1.000 | बंजर/श्रेणी 5–3–ड. | गौ संरक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु |

यदि भूमि निर्धारित उद्देश्य के प्रयोग में 03 वर्ष के अन्दर नही लायी जायेगी अथवा इतर प्रयोग में लायी जाती है तो उक्त भूमि स्वतः ग्रामसभा को वापस हो जायेगी।

( उमेश मिश्रा )
जिलाधिकारी,
कुशीनगर।

## कार्यालय जिलाधिकारी, कुशीनगर।

संख्या 724 /भूमिसुधार/पु0ग्र0आ0/2024, दिनांक 01 जून, 2024

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
2–उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, पडरौना।
3–ग्राम प्रधान, ग्राम सभा कोहरवलिया, तहसील पडरौना, जनपद कुशीनगर।

1.6.24

जिलाधिकारी,
कुशीनगर।

प्रेषक,

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
कुशीनगर।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग
उ0प्र0 लखनऊ।

पत्रांक ... /स्था0–2/2024–25 दिनॉक:– 1-7-2024

महोदय,

